an>

Title: Demand for the implementation of pending railway project in Valmiki Nagar Parliamentary Constituency.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान पनियाहवा से टमकुही रेल मार्ग की ओर आकर्Âिषत करना चाहता हूं जो 2007 में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव जी ने शिलान्यास करके योजना की शुरुआत की थी।...(व्यवधान) 9 वर्ष बीत जाने के बाद भी, पिछले साल जब मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो 5 करोड़ रुपया दिया गया था और पिछले सत्र में 2016-17 में 20 करोड़ रुपया दिया गया है।...(व्यवधान) लेकिन अभी तक उस कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि इस काम को यथाशीघ्र चालू करवाया जाए। यह मध्य रेलवे में पड़ता है। मैं जोन कमेटी का मैम्बर नहीं हूं।...(व्यवधान) हमें उस कार्य योजना के बारे में कुछ भी पता नहीं चलता है जबकि रेलवे लाइन मेरे संसदीय क्षेत्र से होकर जाती है। इसलिए मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इसकी पूर्ण जानकारी मुझे मिलनी चाहिए और कार्य में प्रगति होनी चाहिए और मुझे इस कमेटी का मैम्बर भी होना चाहिए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सतीश चन्द्र दुबे द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।